>

Title: Need to expedite setting up of model schools in blocks under Sheohar, Sitamarhi and East Champaran districts of Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): भारत सरकार द्वारा हमारे राज्य बिहार में शिक्षा के सुधार के लिए हर प्रखंड में एक मॉडल हाईस्कूल खोलने का संकल्प लिया गया था । जिसमें अत्याधुनिक तरीके से निर्मित तीन मंजिला भवन में पर्याप्त क्लासरूम, पुस्तकालय व लैब के साथ साथ खेलकूद के लिए भी कोर्ट का निर्माण किया जाना था । यह बिहार जैसे राज्य में शिक्षा के लिए सरकार द्वारा की गई बहुत ही सकारात्मक पहल थी । जिसका हम सभी ने स्वागत किया था । नःसंदेह इसकी स्थापना से राज्य के मेधावी छात्रों को काफी लाभ मिलता । मैंने पूर्व में भी पत्र के माध्यम से विभाग के माननीय मंत्री से इस विषय में वस्तुस्थिति की जानकारी मांगी जिसमें उनके द्वारा मुझे बताया गया कि मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के अंतर्गत शिवहर जिला के 3 ब्लॉकों को इस स्कीम में शामिल करने के साथ-साथ शिवहर जिला के 3 ब्लॉक, सीतामढ़ी जिला के 11 ब्लॉक एवं पूर्वी चंपारण जिला के 26 ब्लॉकों को इस स्कीम में शामिल करने के साथ-साथ शिवहर जिला के 3 ब्लॉक, सीतामढ़ी जिला के 2 ब्लॉक एवं पूर्वी चंपारण जिला के 3 ब्लॉक में इन मॉडल हाईस्कूलों के निर्माण हेतु राशि निर्गत की जा चुकी है । परंतु मुझे यह बताते हुए यह बहुत आश्चर्य हो रहा है कि इतना महत्वाकांक्षी योजना में अभी तक कोई भी संतोषजनक कार्य नहीं हो पाया । जिससे उपरोक्त पिछड़े जिलों के गरीब लोगों में शिक्षा को लेकर जो उम्मीद जगी थी, वो धूमिल होने लगी है ।

अतः सरकार से अनुरोध है कि मेरे शिवहर संसदीय क्षेत्र के शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चंपारण के जिन प्रखंडों का चयन मॉडल हाईस्कूलों के निर्माण हेतु किया गया था, वहां यथाशीघ्र इस स्कीम को शुरू कराया जाये ।